**दिनांक : 20.04.2025** **समय : 02.10PM**

आकाशवाणी, भोपाल

दोपहर समाचार

चीता मंदसौर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज मंदसौर के गांधी सागर अभयारण्य में दो चीतों को छोड़ने जा रहे हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि इस लुप्त प्रायः प्रजाति के वन्य प्राणी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से सितंबर 2022 में मध्यप्रदेश में पहली बार लाया गया था। अब इन चीतों का कुनबा बढ़ रहा है। प्रदेश में "चीता प्रोजेक्ट" एक महत्वाकांक्षी परियोजना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस परियोजना का उद्देश्य भारत में चीतों की संख्या बढ़ाना और उनकी प्रजाति को बचाना है। इसमें हमें सफलता भी मिल रही है। गाँधी सागर अभयारण्य प्रदेश का दूसरा ऐसा स्थान है, जहाँ चीतों को बसाया जा रहा है। वन्य जीव पर्यटन की दृष्टि से आज एक ऐतिहासिक दिन है।

प्रधानमंत्री–सीएस दिवस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल नई दिल्ली में 17वें सिविल सेवा दिवस पर लोक सेवकों को संबोधित करेंगे। श्री मोदी लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए 16 प्रधानमंत्री पुरस्कार भी प्रदान करेंगे। यह पुरस्कार जिलों के समग्र विकास, आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम और नवाचार की श्रेणियों में दिए जाएंगे। इनमें प्रदेश के झाबुआ जिले की कलेक्टर नेहा मीना को भी पुरस्कार दिया जाएगा। उन्हें यह सम्मान 'आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम' श्रेणी के तहत मिलेगा।

मुख्यमंत्री जनकल्याण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जनकल्याण के लिए अधिकारी मैदान में उतरें। नागरिकों को आवश्यक सेवाएं प्रदान कर, सुशासन की दिशा में अपना प्रभावी योगदान दें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कल रात मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कान्फ्रेंस द्वारा प्रदेश के कलेक्टर्स–कमिश्नर्स, एसपी, आईजी से विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अधिकारी जिलों में उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। किसानों को जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करवाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेतों में पराली जलाने पर रोक लगाने के लिए जागरूकता बढ़ाई जाए।

जेएंडके अमरनाथ पंजीकरण

जम्मू कश्मीर में श्रम विभाग ने अमरनाथ यात्रा के लिए सेवा प्रदाताओं की पंजीकरण प्रक्रिया शुरु कर दी है। जम्मू में डोगरा में सहायक श्रम आयुक्त के कार्यालय में एक हेल्पडेस्क खोला गया है जहां यात्रा के लिए पंजीकरण निशुल्क किया जा सकता है। पंजीकरण के लिए पहचान दस्तावेज जमा करने होंगे। तीर्थयात्रियों के लिए यात्रा की समुचित व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए यह पहल की गई है।

मौसम

प्रदेश में आज मौसम विभाग ने दमोह, सागर, सीधी, शिवपुरी, गुना और रतलाम में लू चलने के लिए अलर्ट जारी किया है। वहीं प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में आज तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा बना हुआ है। कल 44 डिग्री तापमान के साथ शिवपुरी सबसे गर्म रहा। जबकि अन्य 26 जिलों में दिन का तापमान 40 डिग्री से अधिक रहा। मौसम विभाग का कहना है कि अगले कुछ दिन तक तापमान में बढ़ोतरी का दौर रहेगा। 21 अप्रैल को भोपाल, इंदौर, उज्जैन–ग्वालियर में दिन का तापमान 42 डिग्री के पार रहेगा। 22 अप्रैल को दिन में गर्म हवाएं चलेगी। जिसका असर राजस्थान से जुड़े जिलों में देखने को मिलेगा। भोपाल, इंदौर–उज्जैन में भी पारा बढ़ा हुआ रहेगा। वहीं, 23 अप्रैल को तेज गर्मी का असर बरकरार रहेगा।

समाचार संक्षेप में .....

- मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज जावद में सीएम राइज स्कूल महर्षि सांदीपनी विद्यालय भवन का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कई अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन भी इस कार्यक्रम में किया।
- प्रदेश में 10 हजार से अधिक शिक्षकों की भर्ती के लिए चयन प्रक्रिया आज से शुरू हुई। इसमें प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षक के साथ–साथ माध्यमिक शिक्षक के लिए परीक्षा होगी। मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) द्वारा परीक्षाएं 29 अप्रैल तक चलेगी।
- नर्मदापुरम के शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में कल जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत एक रैली का आयोजन किया गया। रैली में संस्था के सैकड़ों छात्र–छात्राओं सहित अधिकारियों–कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।
- आईपीएल ट्वेंटी–ट्वेंटी क्रिकेट में चंडीगढ में आज दोपहर पंजाब किंग्स का मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा। एक अन्य मैच में, मुंबई इंडियंस का सामना आज शाम चेन्नई सुपर किंग्स से मुंबई में होगा।

––––––––––